# INFORMATION BROCHURE
# FOR

## SELECTION ON NON-TEACHING POSTS (CLERICAL CADRE-RECORD KEEPER AND STORE KEEPER) THROUGH COMPUTER BASED TEST (CBT) EXAMINATION- 2026

**सीधी भर्ती**



ऑनलाइन आवेदन पत्र लिंक का विंडो **दिनांक 04/06/2026** से संस्थान की बेवसाइट– www.gims.ac.in पर उपलब्ध होगी। आवेदन पत्र भरने की **अंतिम तिथि 03/07/2026** होगी।

- **अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लिखित पदों की अहर्ताएं धारित करने के बाद ही आवेदन करें।**
- **अभ्यर्थी को आवेदन करने की अंतिम तिथि तक दी गयी समस्त अहर्ताएं पूरी करनी होगी। अहर्ताएं न पूरी करने अथवा गलत सूचनाएं दिए जाने अथवा छिपाएं जाने पर अभ्यर्थी उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा और उसकी पात्रता किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी को सुरक्षित होगा।**

विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रश्न अथवा स्पष्टीकरण की स्थिति में सहायता के लिए निम्नलिखित दूरभाष/ईमेल सम्पर्क कर सकते हैं–

**सहायता प्रकोष्ठ** (Helpline) **(Times 09:00 AM – 06:00 PM on all working days)**
Helpdesk No - 9986640811, E-mail: gimsrec.helpdesk@gmail.com

# राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा
# GOVERNMENT INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

Greater Noida, Gautam Buddha Nagar-201310, Tel-0120-2341738, 9986640811

**Website: www.gims.ac.in, Email- gimsrec.helpdesk@gmail.com**

(An Autonomous Institute under Govt. of U.P)


**विज्ञापन सं0:** जी0आई0एम0एस0 / 2026 / मैनपावर / गै0शै0–02 / 07      दिनांकः 04 / 06 / 2026

## SELECTION ON NON-TEACHING POSTS (CLERICAL CADRE-RECORD KEEPER AND STORE KEEPER) THROUGH COMPUTER BASED TEST (CBT) EXAMINATION- 2026

**सीधी भर्ती**

**ऑनलाइन माध्यम द्वारा कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) परीक्षा–2026**

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधीन एक स्वायत्त शासी संस्थान है, जिसकी स्थापना एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ के सदृश्य की गयी है। संस्थान गैर–शैक्षणिक पदों के लिपिकीय संवर्ग के पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। विज्ञापन संख्या–जी.आई.एम.एस. / 2026 / मैनपावर / गै0शै0–02 / 07, दिनांक 04 / 06 / 2026 द्वारा विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन माध्यम से कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) परीक्षा–2026 के अन्तर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर, जिनका अनारक्षित व आरक्षित श्रेणीवार विवरण आगे सारिणी–01 में अंकित है, पर चयन हेतु **भारत के नागरिकों** से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन एवं अलग आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र विंडो लिंक दिनांक 04 / 06 / 2026 से संस्थान की बेवसाइट– www.gims.ac.in पर उपलब्ध होगी। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 03 / 07 / 2026 होगी।**

**विशेष कथनः–**उपरोक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन व फीस जमा करने की अंतिम तिथि परीक्षा के कार्यक्रम के अनुसार संस्थान की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। उपलब्ध करायी गयी तिथि के बाद आवेदन / फीस स्वीकार नही होगी। आवेदक अपने आवेदन का प्रिंटआउट तब तक नहीं निकाल सकेगा जब तक कि उसके द्वारा फीस जमा नहीं कर दी जाती।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा कार्यक्रम एवं आवेदन किये जाने की प्रक्रिया हेतु संस्थान की वेबसाइट www.gims.ac.in को नियमित रूप से देखना सुनिश्चित करें।

**ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना–** उपरोक्त विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पद्धति (Online Application System ) लागू है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन कर सकेंगे।

अभ्यर्थी उक्त विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़े और भली भांति समझ लें कि विज्ञापित पदों हेतु वांछित योग्यता / योग्यताएं रखते हैं और पद हेतु विहित निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत

आते हैं। तदोपरान्त ही आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। उपयोगकर्ता निर्देश (User Instruction) में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने से सम्बधित दिशा–निर्देश दिए गए हैं। अतः अभ्यर्थी आवेदन भरने हेतु उपयोगकर्ता निर्देश (User Instruction) अवश्य पढ़ें।

## 1. श्रेणीवार रिक्त पदों का (क्षैतिज एवं लम्बवत आरक्षण) विवरण निम्नवत हैः–

**सारणी–01 (Table-01)**

| Pay Scale | Category Name | Post Name | Posts | Number of vacant posts & category-wise reservation as per reservation Roster | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | EWS |
| 1900-19900 | Clerical Cader/ Non-Technical Staff | Record Keeper | 15 | 06 | 04 | 04 | 01 |
| | | Store Keeper | 18 | 08 | 05 | 04 | 01 |

## 2. क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)–

| क्र0सं0 | संवर्ग / पदनाम | क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Clerical Cader/ Non-Technical Staff | विकलांग (OL- One Leg, OA-One arm, L.B., H.H.) | 01 |
| | | महिला | 06 |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 01 |

**क्षैतिज आरक्षण**

क. उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1993 दिनांक 30.12.1993 (संशोधन) अधिनियम 2018 दिनांक 01.09.2018 एवं संशोधन अधिनियम 2021 अधिसूचना संख्या 450(2)/LXXIX–1–21–ka–12–21 लखनऊ दिनांक 10.03.2021 तथा शासनादेश संख्या–15/5/1986–का.–2/92 दिनांक 28.04.1992 कार्मिक अनुभाग–2 तथा अन्य श्रेणी (अर्थात क्षैतिज) के आरक्षण में लागू होंगे और केवल चिन्हित पदों पर लागू होगा।

ख. **सेना के भूतपूर्व सैनिकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिये आरक्षण**ः स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों (Dependant of Freedom Fighter-DFF) तथा भूतपूर्व सैनिकों (Ex-Servicemen) को आरक्षण उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 (यथा संशोधित) व अद्यतन सुसंगत नियमावली/शासनादेशों के प्रावधानानुसार अनुमन्य होगा।

## 3. अनिवार्य शैक्षणिक एवं अनुभव अहर्तायेंः–

उपर्युक्त सारणी–1 में उल्लिखित सभी रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी को अनिवार्य अहर्ताएं (शैक्षिक व अन्य) व अधिमानी अहर्ताएं आवेदन की अंतिम तिथि तक धारित करना अपरिहार्य हैः–

**शैक्षणिक अर्हता–** स्टोर कीपर / रिकार्ड कीपर के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित तीनों अर्हताएं होनी आवयश्क हैः–

1. माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमिडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण कर ली हो।
2. हिन्दी और अग्रेजी टंकण में क्रमशः 25 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवयश्क है।
3. डी0ओ0ई0ए0सी0सी सोसायटी (DOEACC Society) द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर प्रचलन में सी0सी0सी0 का प्रमाण पत्र या किसी सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था द्वारा उसके समकक्ष प्रदान किया गया कोई प्रमाण पत्र।

***समकक्षः***

1. *माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इन्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।*
2. *यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त की गई हो तो वह भी भर्ती हेतु पात्र होगा।*

**आयु सीमाः** उपरोक्त सारणी में उल्लिखित समस्त पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थी ने 01 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और 40 वर्ष की अधिक की आयु प्राप्त न की हो। परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणीओं के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट सरकार द्वारा समय–समय पर जारी व्यवस्था के अनुरूप अनुमन्य होगी।

**आयु सीमा में छूटः–**

- उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम छूट 05 वर्ष की अवधि तक उत्तर प्रदेश सरकार के प्रासंगित शासनादेशों के अनुसार अनुमन्य होगी।
- उत्तर प्रदेश सरकार के स्थायी कर्मचारियों के मामले में, जिन्होंने सम्बन्धित क्षेत्र में कम से कम 03 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की है, अधिकतम 05 वर्ष की अवधि तक छूट दी जा सकती है।
- संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।
- शासनादेश संख्या 18/1/2008(।।)/का–2 दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।
- भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट इस शर्त के साथ अनुमन्य होगी कि उनकी संपूर्ण सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु में से घटा कर परिणाम स्वरूप शेष आयु निर्धारित आयु से 03 वर्ष से अधिक न हो। आवेदन की अंतिम तिथि तक सेना से मुक्त होना अनिवार्य है।

4. **प्रमाण पत्रः** आरक्षण/ आयु में छूट का लाभ चाहने वाले अभ्यर्थी संबंधित आरक्षित श्रेणी के समर्थन में इस विस्तृत विज्ञापन के **परिशिष्ट–1 से 5** में मुद्रित तथा वेबसाईट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र,

जो आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया गया हो अवश्य प्राप्त कर लें तथा संगत वेबसाईट में उपलब्ध हो प्रमाण पत्र संगत वेबसाईट पर सत्यापन न होने की दशा में निरस्त माना जायेगा।

*अनूसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाणपत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की तिथि से पूर्व छह माह के भीतर जारी किया जाना चाहिए (जहां लागू हो)। EWS अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। यदि कोई अभ्यर्थी वैध EWS प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसे सामान्य (UR) वर्ग का अभ्यर्थी माना जाएगा। केवल उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी (Domicile) अभ्यर्थी ही आरक्षित पदों (क्षैतिज एवं ऊर्ध्वाधर आरक्षण दोनों) के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।*

**5. आरक्षण—**

क. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, अधिनियम—1994 (यथासंशोधित), उत्तर प्रदेश लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम—2020 तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारिरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 (यथासंशोधित) के अनुसार अनुमन्य होगा।

***आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश के निवासियों को ही अनुमन्य होगा। आरक्षण के लाभ के लिए केवल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।***

ख. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण—

- प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था से आच्छादित नहीं है, तथा उत्तर प्रदेश राज्य के ही मूल निवासी हैं, को कार्मिक अनुभाग—2 उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या—1/2019/4/1/2002/का—2/19 टी.सी.—II, दिनांक 18 फरवरी 2019 में विहित व्यवस्था और निर्धारित मानक के अन्तर्गत आतें है और विहित शर्तें पूरी करते हैं तो विज्ञापित पदों पर 10 प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य होगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो 10 प्रतिशत आरक्षण का दावा करते हैं, उन्हें एतद सम्बन्धी कार्यालय ज्ञाप दिनांक 18 फरवरी 2019 के विहित व्यवस्था के अनुसार परिवार की आय और परिसंपत्ति का प्रमाण—पत्र संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार से अनिम्न (अन्यून) अधिकारी द्वारा जारी/ प्रमाणित प्रमाण—पत्र, जो आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया गया हो, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**6. आवेदन शुल्क (Application Fee)**

प्रत्येक पद के सापेक्ष आवेदन करने हेतु भुगतान की जाने वाली अप्रतिदेय (Non Refundable) शुल्क की धनराशि निम्नानुसार है:—

| क्र0सं0 | अभ्यर्थियों की श्रेणी | आवेदन शुल्क (रू0) | GST@18% (रू0) | कुल आवेदन शुल्क (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 1100/- | 198/- | 1298/- |
| 2. | अन्य पिछड़ावर्ग / EWS | 1100/- | 198/- | 1298/- |
| 3. | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | 800/- | 144/- | 944/- |
| 4. | शारीरिक रूप से दिव्यांग (सभी श्रेणी में) केवल उ0प्र0 के मूल निवासियों के लिए | शून्य | | |

**अन्य श्रेणी (क्षैतिज आरक्षण) से सम्बंधित उम्मीदवारों को उनकी मूल श्रेणी के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा।**

**7. भर्ती की प्रक्रिया:**

- अभ्यर्थियों के चयन हेतु निर्धारित परीक्षा निकाय (एक्जामिनिंग बाडी) द्वारा परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इन प्रश्नो में हिंदी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता, सामान्य बुद्धि परीक्षण, सामान्य जानकारी, कम्प्यूटर ज्ञान एवं उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित सामान्य जानकारी से संबंधित प्रश्न होंगे। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का समय कुल 120 मिनट (2 घण्टे) का होगा। सी0वी0टी0 परीक्षा में विषयवार अंको का निर्धारण उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग में प्रचलित अद्यतन नियमानुसार होगी।
- कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) 100 अंको का होगा, जो 5 खण्डों (Sections) में विभाजित होगा। **अभ्यर्थी किसी एक खण्ड को समाप्त करने के बाद ही अगले खण्ड में जा सकेंगे एवं उन खण्ड के प्रश्नों पर दोबारा वापस नही जा सकेंगे।**
- कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में अर्जित अंको के आधार पर अभ्यर्थियों की मेधा सूची बनायी जाएगी। उक्त मेधा सूची में से कुल विज्ञापित पदों के 3 गुने अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बुलाया जाएगा। टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही फाइनल मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। हिन्दी एवं अंग्रेजी के टंकण परीक्षा उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग में प्रचलित अद्यतन नियमानुसार करायी जाएगी, जो की योग्यता के लिए अनिवार्य होगी।
- हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण में क्रमशः 25 शब्द प्रति मिनट एवं 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना भी आवश्यक है, जिसके परीक्षण हेतु परीक्षा के द्वितीय चरण में लिखित परीक्षा के आधार पर शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की टंकण दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जो कि अर्हकारी प्रकृति का होगा।
- निर्धारित परीक्षा निकाय (एक्जामिनिंग बाडी) के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उनके प्रवीणता क्रम जैसा कि—

  उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंकों से प्रकट हो, अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों की संस्तुति करेगा जितनी वह नियुक्ति

के लिए उचित समझे। निर्धारित परीक्षा निकाय (एक्जामिनिंग बाडी) सूची को नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

8. **नकारात्मक अंकनः** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन (Negative Marking) का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न हेतु निर्धारित कुल अंकों का **1/4 (एक–चौथाई)** अंक काट लिया जायेगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है या अनुत्तरित छोड़ दिया जाता है, तो उसके लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पूरी तरह आश्वस्त होने पर ही प्रश्नों के उत्तर दें।

9. **अंक समान होने की स्थिति में टाई का निपटारा निम्न प्रकार से किया जायेगाः**

- समान अंकों वाले उम्मीदवारों के कुल अंक
- समान अंकों वाले उम्मीदवारों की जन्म तिथि (उसमें बड़े उम्मीदवार को उच्च प्राथमिकता दी जायेगी)
- समान अंकों वाले उम्मीदवारों द्वारा दिये गये गलत उत्तरों/ऋणात्मक अंकों की संख्या (कम गलत उत्तर/ऋणात्मक अंक वाले उम्मीदवार को उच्च प्राथमिकता दी जायेगी)
- परीक्षा के मुख्य खण्ड में प्राप्त कुल अंक (मुख्य खण्ड (हिन्दी) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उच्च प्राथमिकता दी जायेगी)
- उम्मीदवार के आवेदन संख्या (पहले आवेदन संख्या वाले उम्मीदवार को उच्च प्राथमिकता दी जायेगी)

10. **पाठ्यक्रमः** विज्ञापित सभी पदों के लिए विस्तृत पाठ्यक्रम देखने हेतु नीचे **परिशिष्ट–6** में दिये गये लिंक पर क्लिक करें।

11. **प्रश्नों की समीक्षा (Mark for Review):** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के दौरान, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए किसी प्रश्न को दोबारा देखने हेतु "Mark for Review" का विकल्प उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न की समीक्षा केवल उसी सक्रिय खण्ड के निर्धारित समय के भीतर ही कर सकेंगे। खण्ड के सबमिट हो जाने के बाद समीक्षा संभव नहीं होगी। इसके निम्नलिखित नियम होंगे–

   - **बिना उत्तर दिए समीक्षा (Unanswered and Marked for Review) :** यदि अभ्यर्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दिए बिना उसे "Mark for Review" किया है, तो उस खण्ड का समय समाप्त होने पर उस प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा उस प्रश्न को उनुत्तरित माना जाएगा।
   - **उत्तर देकर समीक्षा (Answered and Marked for Review) :** यदि अभ्यर्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दे दिया है और उसे "Mark for Review" भी किया है, तो उस खण्ड का समय समाप्त होने पर उसे अभ्यर्थी का अंतिम उत्तर मानकर उसका मूल्यांकन किया जाएगा। उत्तर सही होने पर अंक दिए जाएंगे और गलत होने पर नकारात्मक अंकन लागू होगा।

**12. ध्यान दें:–**

- विज्ञापित किए गये पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है।
- परीक्षा कार्यक्रम और परीक्षा के शहर (**परिशिष्ट–6**) और भर्ती के बारे में अन्य जानकारी, संस्थान की वेबसाइट www.gims.ac.in पर अलग से अपलोड की जाएगी।

  Helpdesk No - 9986640811, (E-mail : gimsrec.helpdesk@gmail.com)

**13. सामान्य निर्देश:–**

1. अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक पात्रता मानदंड शैक्षिक योग्यता, आयु सीमा आदि को पूरा करना होगा।
2. ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया एवं अनुसूची, संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी तथा परीक्षा, वेबसाइट पर प्रकाशित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के विस्तृत कार्यक्रम के लिए संस्थान की वेबसाइट www.gims.ac.in समय–समय पर अवश्य देखें। इस हेतु अभ्यर्थियों से संस्थान द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
3. उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।
4. हाईस्कूल अथवा समकक्ष उतीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।
5. भूतपूर्व सैनिक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा एतदर्थ किया गया दावा स्वीकार नही होगा।
6. ऐसे पुरूष अभ्यर्थी जो विवाहित हैं तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया है जिसके पहले से ही एक जीवित पत्नी है, पात्र नहीं समझे जाएंगे बशर्ते कि राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त प्रतिबंध से मुक्ति प्रदान न कर दी गयी हो।
7. अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।
8. चयनित महिलाओं, उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, भूतपूर्व सैनिकों को विद्यमान नियमानुसार उन श्रेणियों में रखा जाएगा, जिनमें वे संबंधित है।
9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, महिला अभ्यर्थियों तथा भूतपूर्व सैनिकों को जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी नही हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ अनुमन्य नही होगा, ऐसे अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी मे माने जायेंगे। महिला अभ्यर्थियों के मामले में पिता पक्ष से निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
10. उत्तर प्रदेश सरकार के आरक्षण अधिनियमों, अध्यादेशों/आदेशों में निर्धारित/नीतिगत निर्देशों के अनुसार अनारक्षित एवं आरक्षित रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता हैं।

11. आवेदन करने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे रिक्त पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यता (शैक्षणिक एवं टंकण) व अन्य शर्तों को पूर्ण करते हैं एवं निर्धारित आयु सीमा के तहत आते हैं।

12. उपरोक्त सारिणी में उल्लिखित रिक्तियों की संख्या बढ़ या घट सकती है।

13. ऑनलाइन आवेदन पत्रों की मुद्रित/हार्ड कॉपी सहित कोई दस्तावेज डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि आवेदक अनिवार्य रूप से अपने आवेदन पत्र की एक मुद्रित/हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

14. **आवेदन पत्र में संशोधनः–** अभ्यर्थी अंतिम रूप से आवेदन सबमिट करने के बाद केवल एक बार ही आपने आवेदन में संशोधन कर सकता है। परन्तु अभ्यर्थी अपना **रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, ई–मेल तथा आरक्षण वर्ग** में किसी प्रकार का कोई संशोधन नही कर सकता है।

15. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा केन्द्रों की सूची से अपनी वरीयताएं देनी होंगी जिनमें परीक्षा आयोजित की जानी है (शहरों की सूची संलग्न) सटीक/आवंटित केंद्र हॉल टिकट जारी करते समय दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्र के पसंदीदा विकल्पों पर स्लॉट की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में निकटतम अन्य शहरों को आवंटित किया जाएगा। इस संबंध में संस्थान (GIMS, Greater Noida) का निर्णय अंतिम होगा।

16. परीक्षा पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में उपलब्ध होगा।

17. नियमित सेवा के आवेदकों को अपने नियोक्ताओं से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा।

18. अभ्यर्थी अपना हॉल टिकट संस्थान की वेबसाइट www.gims.ac.in से डाउनलोड कर सकेंगे। <u>हॉल टिकट डाक से नहीं भेजे जायेंगे</u>। यह सुविधा परीक्षा के प्रकाशित कार्यक्रम के अनुसार वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केंद्र के किसी भी दशा में परिवर्तन अनुमन्य नही होगा।

19. लिखित परीक्षा/Document Verification हेतु उपस्थित होने के लिये कोई TA/DA स्वीकार्य नहीं होगा।

20. सभी विवाद/मतभेद या मुकदमे केवल गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।

21. अभ्यर्थी को आवेदन करने की अंतिम तिथि तक दी गयी समस्त अर्हताएं पूरी करनी होंगी। अर्हताएं न पूरी करने अथवा गलत सूचनाएं दिए जाने अथवा छिपाएं जाने पर अभ्यर्थी उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा और उसकी पात्रता किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार संस्थान के नियोक्ता प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

22. संस्थान अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) परीक्षा में औपबन्धिक प्रवेश देगा, किन्तु बाद में किसी भी स्तर पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उनका आवेदन प्रारम्भिक स्तर पर स्वीकार किये जाने योग्न नहीं था, उक्त स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और यदि नियुक्ति हेतु निर्णय ले भी लिया गया तो उसे निरस्त कर दिया जायेगा।

23. कदाशय अर्थात परीक्षा भवन में नकल करने, अनुशासनहीनता, दुर्व्यवहार तथा अवांछनीय कार्य करने पर अभ्यर्थन रिस्त कर दिया जायेगा। इन अनुदेशों की

अवहेलना करने पर अभ्यर्थी को इस परीक्षा तथा भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिवारित (Debar) किया जा सकता है।

24. नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियमों में अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा।
25. संस्थान अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के संबंध में कोई परामर्श नहीं देता है। इसलिए उन्हें विज्ञापन का सावधानी पूर्वक अध्ययन करना चाहिए और वे तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो जाए कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप अर्ह हैं।
26. किसी अनाचार/कदाचार, किसी महत्वपूर्ण सूचना को छुपाने, अभियोजन/अपराधिक वाद लंबित होने, दोष सिद्ध होने, एक से अधिक जीवित पति या पत्नी के होने, तथ्यों के गलत प्रस्तुत करने तथा अभ्यर्थन/ चयन के संबंध में सिफारिश करने आदि कृत्यों मे लिप्त पाये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त करने तथा संस्थान की परीक्षाओं एवं चयनों से प्रतिवारित करने का अधिकार संस्थान का होगा।
27. संस्थान के निदेशक, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी विज्ञापित पदों को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

निदेशक

# राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा
# GOVERNMENT INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Greater Noida, Gautam Buddha Nagar-201310, Tel-0120-2341738, 9986640811
**Website: www.gims.ac.in, Email- gimsrec.helpdesk@gmail.com**
(An Autonomous Institute under Govt. of U.P)


**Advt. No. – GIMS/2026/Manpower/NT-02/ 07** **Date:- 04.06.2026**

## SELECTION ON NON-TEACHING POSTS (CLERICAL CADRE- RECORD KEEPER AND STORE KEEPER) THROUGH COMPUTER BASED TEST (CBT) EXAMINATION- 2026
### Direct Recruitment

**Computer Based Test (CBT) Examination-2026 through online based**

The Government Institute of Medical Sciences Greater Noida is an autonomous Institute under the Uttar Pradesh State Government, established on the lines of S.G.P.G.I. Lucknow, and invites applications for direct recruitment to the Non-Teaching Posts for non-teaching posts (clerical cadre- store keeper and record keeper). Online applications are invited from citizens of India for selection to various vacant posts advertised vide Advertisement No. GIMS/2026/Manpower/NT-02/07 dated 04.06.2026 under the Computer Based Test (CBT) Examination- 2026, the category-wise details are given in Table-01. Candidates applying for more than one post will have to apply separately for each with a separate application fee.

**Special Note:** The last date for application and fee submission relative to the above advertisement will be available on the Institute's website as per the examination schedule. Applications/fees will not be accepted after the provided date. The applicant will not be able to take a printout of his application until the fee is deposited by him.

The online application form window is open from **04.06.2026** on the Institute's website **www.gims.ac.in** and the last date of the application will be **03.07.2026**.

**Important Notice for Candidates Applying Online:** The Online Application System is applicable for applying under the above mentioned advertisement. Applications sent through any other medium will not be accepted. Candidates can apply only through online.

Candidates should read the said advertisement carefully and understand well that they possess the desired qualification/qualifications for the advertised posts and come within the prescribed age limit for the post. Only after that, start the process of filling the application form. In the **User Instruction**, guidelines related to filling the online application have been given to the candidates. Therefore, candidates must read the User Instruction for filling the application.

1. **Category-wise details of vacant posts (Horizontal and Vertical Reservation) are as follows:**

**Table-1**

| Pay Scale | Category Name | Post Name | Posts | Number of vacant posts & category-wise reservation as per reservation Roster | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | EWS |
| 1900-19900 | Clerical Cader/ Non-Technical Staff | Record Keeper | 15 | 06 | 04 | 04 | 01 |
| | | Store Keeper | 18 | 08 | 05 | 04 | 01 |

2. **Horizontal Reservation:**

| S.No. | Cadre/Post Name | Category of Horizontal Reservation | Number of Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | Clerical Cader/ Non-Technical Staff | Divyang (OL- One Leg, OA- One Hand) | 01 |
| | | Women | 06 |
| | | Ex-Servicemen | 01 |

**Horizontal Reservation:**

- The Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Physically Handicapped, Dependents of Freedom Fighters, and Ex-Servicemen) Act, 1993 dated 30.12.1993, (Amendment) Act 2018 dated 01.09.2018, and Amendment Act 2021 Notification No. 450(2)/LXXIX-1-21-ka-12-21 Lucknow dated 10.03.2021, along with Government Order No. 15/5/1986-ka-2/92 dated 28.04.1992 Personnel Section-2, will be applicable to the reservation of other categories (i.e., horizontal) and will apply only to the identified posts.
- Reservation for Ex-Servicemen and Dependents of Freedom Fighters: Reservation for Dependents of Freedom Fighters (DFF) and Ex-Servicemen will be permissible as per the provisions of the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Physically Handicapped, Dependents of Freedom Fighters, and Ex-Servicemen) Act, 1993 (as amended) and the latest relevant rules/government orders.

3. **Educational and Experience Qualifications:** For recruitment to all the vacant posts mentioned in the above Table-1, it is essential for the candidate to possess the mandatory qualifications (educational and others) and preferential qualifications by the last date of application.

**Educational Qualification:**

- Must have passed Intermediate examination from the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh, or any examination recognized by the Government as equivalent thereto.
- A minimum typing speed of 25 words per minute in Hindi and 30 words per minute in English is required.

- A CCC (Course on Computer Concepts) certificate issued by DOEACC Society (now NIELIT), or an equivalent certificate from any government-recognized institution, is required.

  ***Equivalence:***

  1. *The candidate must have opted for Computer Science as a separate subject in the High School or Intermediate examination conducted by the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh, or any equivalent institution/education board/council established by the Central or any State Government.*
  2. *If a candidate has obtained a Diploma or Degree in Computer Science, they shall also be eligible for recruitment.*

**Age Limit:** For recruitment to all the posts mentioned in the above table, the candidate must have completed the age of **18 years** and must not have attained the age of more than **40 years** as on **01 July 2026**. Provided that the relaxation in the maximum age limit for Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and other categories will be permissible as per the arrangement issued by the Government from time to time.

**Relaxation in Age Limit:**

- For SC, ST, and OBC candidates of Uttar Pradesh, a maximum relaxation up to a period of **05 years** will be permissible as per the relevant government orders of the U.P. Government.
- In the case of permanent employees of the U.P. Government who have rendered at least **03 years** of regular and continuous service in the relevant field, a relaxation of up to a maximum of **05 years** can be given.
- Persons dismissed by the Union Government or any State Government will not be eligible for appointment to any post in the service.
- As per Government Order No. 18/1/2008(II)/ka-2 dated 03 February 2008, a relaxation of **15 years** in the maximum age limit will be permissible to persons with disabilities.
- For ex-servicemen, a relaxation of **03 years** in the maximum age limit will be permissible with the condition that after deducting their total service period from their actual age, the resulting remaining age should not be more than 03 years over the prescribed age. It is mandatory to be discharged from the Army by the last date of application.

